तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 21.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025





11 पांची जाटान रोड पर नालों की सफाई नहीं होने से परेशानी



12 उठती धूल रोकने को पानी छिड़काव भी खानापूर्ति


## खबर संक्षेप

### शिक्षा के मंदिर से हजारों का सामान चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव तिहाड़ बागड़ स्थित स्कूल से हजारों रुपये कीमत के सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। तिहाड़ बागड़ू स्कूल में तैनात सुखविंदर ने बताया कि गत दस अप्रैल को उनके पास कॉल आई। जिसमें स्कूल के कमरों के ताले टूटे हुए मिले। सामान की जांच की तो अंदर से सिलेंडर, बाल्टी, ढक्कन सहित अन्य हजारों रुपये कीमत का सामान गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना किया।

### बड़ौता कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह 2 को

**गोहाना।** गांव बड़ौता स्थित राजकीय कॉलेज में दो मई को दीक्षांत समारोह होगा। कॉलेज में पहली बार समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि कॉलेज 2017 में शुरू हुआ था। यहां पर लगभग आठ साल में पहली बार दीक्षा समारोह किया जाएगा। इसके साथ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह में गांव भैंसवाल कलां स्थित राजकीय कॉलेज के प्राचार्य सूरज प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## दो दिनों बढ़ेगा तापमान, गर्मी झुलसाएगी, राहत के भी आसार

# फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, मई के पहले हफ्ते में बारिश, उसके बाद बढ़ेगी गर्मी

- क्षेत्र में धूलभरी हवाएं चलेंगी बादल छाए रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

सोनीपत सहित पूरे हरियाणा राज्य में आगामी दिनों में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आज क्षेत्र में मौसम सामान्यतः शुष्क और गर्म बना रहेगा। एक मई से फिर मौसम बदलेगा और पहले सप्ताह में बादल छाए रहेंगे, बारिश होने की भी संभवना है। कृषि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते 1 मई की रात्रि से 3 मई के बीच सोनीपत सहित कई क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने, धूलभरी हवाएं चलने और कहीं-कहीं बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने की पूरी संभावना है, जिससे गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत मिल सकती है। विशेषकर किसानों के लिए यह बदलाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि बूंदाबांदी से फसलों पर सकारात्मक असर पड़ सकता है। इसके बाद मई के मध्य तक फिर गर्मी बढ़ेगी और हीट वेव चलेगी। मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा। इस दौरान उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हवाओं के सक्रिय रहने से दिन के तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। जिला प्रशासन ने भी किसानों और आम जनमानस को चेताया गया है कि अगले दो दिनों तक गर्मी का प्रकोप तेज रहेगा, इसलिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### 4 मई से बदलेगा मौसम



मौसम विभाग ने आगे बताया कि 4 मई को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी सप्ताह में तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ-साथ हल्की वर्षा की स्थिति भी बनी रह सकती है। हालांकि इससे पहले जिले में तापमान में 30 अप्रैल तक लगातार वृद्धि के आसार हैं, जहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर जा सकता है। वहीं, 1 मई के बाद दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की उम्मीद जताई गई है। इस बीच धूलभरी हवाएं कभी-कभी दृश्यता को भी प्रभावित कर सकती हैं, जिससे सड़क यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### जल्द करें कटाई और भंडारण का काम

मौसम में इस परिवर्तन के कारण किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फसलों की कटाई व भंडारण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लें तथा खुले में रखे अनाज को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं, ताकि संभावित वर्षा से नुकसान से बचा जा सके। वहीं नागरिकों से अपील की है कि मौसम के इस बदलाव के दौरान मौसम संबंधी ताजा जानकारियों पर ध्यान दें और आवश्यक एहतियात बरतें। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं को तेज धूलभरी हवाओं और तापमान के उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रखने के उपाय करने की सलाह दी गई है।

### प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की, सावधान रहें



जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है।

### हीट वेव

### बचाव करें, शरीर में पानी की कमी न होन दें



हीट वेव से बचाव के लिए गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

# बगैर डॉक्टर चल रहा था अस्पताल, पीएनडीटी टीम ने छापा मारा तो मिली एमटीपी किट, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर एक अस्पताल पर छापेमारी की। खरखौदा के मटिंडू चौक के पास सांपला मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल श्री श्याम अस्पताल में की गई छापेमारी में पीएनडीटी द्वारा एमटीपी किट बरामद की गई है। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन पर केस दर्ज करवाने की बात टीम की तरफ से कही गई है।

पीएनडीटी प्रभारी डॉ. नितीन फलस्वाल ने बताया कि अस्पताल को बगैर किसी डाक्टर के ही संचालित किया जा रहा है। ऐसे में उनकी तरफ से मामले में शिकायत देते हुए केस भी दर्ज करवाया जाएगा। मंगलवार को पीएनडीटी, सोनीपत की टीम प्रभारी डॉ. नितीन फलस्वाल के नेतृत्व में एक टीम खरखौदा पहुंची। टीम ने मटिंडू चौक के पास सांपला मार्ग स्थित श्री श्याम अस्पताल पर छापा मारा। जहां पर जांच करने पर टीम को मौके से एमटीपी किट बरामद हुई। जिसे रखने को लेकर टीम ने संबंधित अस्पताल संचालक से जवाब मांगा तो वह न तो कोई जवाब दे पाए और न ही कोई लाइसेंस दिखा पाए। इसके बाद टीम ने मौके से गर्भपात करने की इस दवा को अपने कब्जे में लेते हुए सील कर दिया। पीएनडीटी प्रभारी डा. नितीन फलस्वाल ने बताया कि सिविल सर्जन के आदेश पर उन्होंने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्हें इस अस्पताल की शिकायत मिल रही थी, जिसके चलते ही उन्हें आज जांच के लिए भेजा गया था। टीम को कई सबूत हाथ लगे, अब कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर संदीप हुड्डा, ड्रग इंस्पेक्टर मुंशी राम, डॉ. धीरज व डॉ. गरिमा सहित थाना प्रभारी प्रेम मौजूद रहे।



**खरखौदा।** जांच पड़ताल करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### टीम को छापे में कई सबूत मिले

सिविल सर्जन के आदेश पर आज इस अस्पताल में छापा मारा गया है, जांच में एमटीपी किट मिली है, वहीं अस्पताल को बगैर किसी डाक्टर के ही संचालित किया जा रहा है। ऐसे में उनकी तरफ से मामले में शिकायत देते हुए केस भी दर्ज करवाया जाएगा।

-डॉ. नितिन फलस्वाल, प्रभारी, पीएनडीटी, सोनीपत।

## चौपाल में बरगद का पेड़ काटने पर डीबीडीपीओ को शिकायत



**गन्नौर।** गांव चिरस्मी के युवक ने गांव की चौपाल में लगे बरगद के पेड़ को काटने के आरोप में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत के बाद डीपीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया । गांव के युवक राकेश ने बीडीपीओ को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव की चौपाल में बरगद का पेड़ लगा हुआ है गांव के दो शरारती तत्वों ने मिलकर बरगद के पेड़ को कुल्हाड़ी से काटने की कोशिश की, जब उनके साथ लोगों ने विरोध किया तो उसके बाद भी वह जानबूझकर कुल्हाड़ी मारते रहे। चौपाल में लगे बरगद के पेड़ को काटने के आरोप में ग्रामीण ने कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत दी है।







# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style

# तृप्ति
## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।



हॉलीवुड मसाला




# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक
## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टू' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में
## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

*मुंबई। जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।






### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



## ठाकुर जी की रसोई खरखौदा : एक अनुकरणीय सामाजिक सेवा

# ठाकुर जी की रसोई के तहत कई जनसेवा योजनाओं को किया जा रहा है संचालित

कुलदीप ▶▶| खरखौदा

ठाकुर जी की रसोई खरखौदा की एक समाजसेवी संस्था है, जो जरूरतमंद और असहाय लोगों के लिए समर्पित सेवा कार्यों में जुटी हुई है। इस संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना और उनमें आत्मनिर्भरता का भाव जाग्रत करना है। ठाकुर जी की रसोई के तहत कई जनसेवा योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इन सेवाओं में मुफ्त भोजन वितरण, नेकी की दीवार, आंखों के ऑपरेशन शिविर, रक्तदान शिविर, धार्मिक संकीर्तन, पर्यावरण संरक्षण, पशु-पक्षियों के लिए सेवा और बुक बैंक जैसी सेवाएं शामिल हैं। संस्था के प्रमुख उद्देश्यों में भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे प्रमुख सामाजिक मुद्दों का समाधान करना है। यह संस्था समाज के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है





खरखौदा। भोजन वितरित करते सेवक व भोजन पाते जरूरतमंद। फोटो :हरिभूमि

### नेकी की दीवार कार्यक्रम

जरूरतमंद ले जाए, समृद्ध छोड़ जाए यही संदेश लेकर नेकी की दीवार कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत, जो लोग अपने पुराने और अनावश्यक कपड़े, कंबल, जूते या अन्य वस्त्र दान करना चाहते हैं, वे इन्हें नेकी की दीवार पर छोड़ सकते हैं। वहीं, जिन लोगों को इन वस्त्रों की आवश्यकता होती है, वे बिना किसी संकोच के इन्हें ले जा सकते हैं। यह कार्यक्रम पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग की अवधारणा को बढ़ावा देता है। जरूरतमंद लोग नए कपड़े खरीदने में सक्षम नहीं होते, लेकिन इस दीवार के माध्यम से वे सम्मानपूर्वक अपनी जरूरतें पूरी कर सकते हैं।

### आंखों के ऑपरेशन

ठाकुर जी की रसोई हर महीने मुफ्त आंखों की जांच और ऑपरेशन कैंप आयोजित करती है। इन शिविरों में गरीब और वृद्ध व्यक्तियों की आंखों की जांच की जाती है और यदि आवश्यक हो तो उनका मुफ्त ऑपरेशन भी किया जाता है। इसके अलावा, मरीजों को मुफ्त दवाइयां और चश्मे भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इस सेवा का उद्देश्य दृष्टिहीनता को कम करना और लोगों की दृष्टि को बेहतर बनाना है। अनुभवी डॉक्टरों और विशेषज्ञों की देखरेख में यह कैंप आयोजित किए जाते हैं, जहां कई मरीजों को नेत्र रोगों के प्रति जागरूक भी किया जाता है।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

रक्तदान महादान के इस संदेश को साकार करने के लिए ठाकुर जी की रसोई समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करती है। इन शिविरों में युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। रक्तदान से आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस शिविर में भाग लेने वाले दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाते हैं। रक्तदान करने वाले लोगों के प्रति सम्मान का भाव बढ़ाने के लिए उन्हें सामाजिक रूप से सराहा जाता है।

### एकादशी संकीर्तन महोत्सव

ठाकुर जी की रसोई पाक्षिक (पंद्रह दिनों में एक बार) एकादशी संकीर्तन महोत्सव का आयोजन करती है। इस कार्यक्रम के दौरान भक्ति भजन, कीर्तन और धार्मिक गीतों का गायन होता है। इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं और मिल-जुलकर भक्ति संगीत का आनंद लेते हैं। धार्मिक आयोजन मन की शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

### रोजाना मुफ्त भोजन

ठाकुर जी की रसोई के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण अभियानों में से एक है रोजाना सुबह और शाम मुफ्त भोजन वितरण। इस सेवा का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। हर दिन, दर्जनों गरीब, मजदूर और असहाय लोग इस सेवा का लाभ उठाते हैं। यह सेवा नियमित रूप से सुनिश्चित की जाती है ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। भोजन वितरण की इस प्रक्रिया में गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। स्वयंसेवक सुबह और शाम भोजन पकाते हैं और फिर जरूरतमंदों के बीच इसे वितरित किया जाता है। यह अभियान समाज के उन लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है, जो रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### बुक बैंक और बच्चों के लिए शिक्षा एवं खेल गतिविधियां

ठाकुर जी की रसोई ने बच्चों के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। संस्था ने एक बुक बैंक की स्थापना की है, जहां स्कूली बच्चे अपनी पुरानी किताबें दान कर सकते हैं और जरूरतमंद बच्चे इन्हें मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में समानता को बढ़ावा देना और शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी को दूर करना है। इसके अलावा, बच्चों के खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बच्चों को खेलने के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना विकसित की जाती है।

### पशु-पक्षियों के लिए सेवा

ठाकुर जी की रसोई पशु-पक्षियों के लिए अन्न और जल सेवा भी करती है। गर्मियों के मौसम में पक्षियों के लिए पानी और दाना की व्यवस्था की जाती है। सार्वजनिक स्थानों और पेड़ों के पास जल पात्र (पानी के बर्तन) रखे जाते हैं ताकि पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। इसके अलावा, गायों और अन्य आवारा पशुओं के लिए भी चारे और भोजन की व्यवस्था की जाती है।

### ठाकुर जी की रसोई की विशेषताएं

समर्पण और सेवा का भाव: संस्था के स्वयंसेवक सेवा के प्रति समर्पित रहते हैं और किसी भी काम को तन-मन से करते हैं।, निःशुल्क सेवाएं: संस्था की हर सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है, चाहे वह भोजन हो, वस्त्र सेवा हो या चिकित्सा।, जनसहयोग पर आधारित: ठाकुर जी की रसोई का संचालन पूरी तरह से सामाजिक दान और जनसहयोग पर आधारित है। लोग दान, वस्त्र, किताबें और भोजन सामग्री प्रदान करते हैं, जिनका उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जाता है।, सभी वर्गों के लिए समानता: ठाकुर जी की रसोई जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी के लिए समान रूप से कार्य करती है।

## खबर संक्षेप

### राजा महेंद्र प्रताप महान स्वतंत्रता सेनानी थे: दांगी

**गोहाना।** पुराना बस स्टैंड गोहाना स्थित सत नगर में मंगलवार को राजा महेंद्र प्रताप की 46वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने राजा महेंद्र प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा राजा महेंद्र प्रताप सिंह भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, लेखक, क्रांतिकारी, समाज सुधारक और महान दानवीर थे।

### गुरु-शिष्यों ने भगवान परशुराम को किया याद

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में मंगलवार को गुरु और शिष्यों ने भगवान परशुराम को नमन याद किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम अजर-अमर हैं। इसलिए इनका जन्मोत्सव मनाया जाता है, जयंती नहीं। इनका नाम राम था परन्तु भगवान शिव ने जब प्रसन्न होकर इन्हें परशु दिया तब से इनका नाम परशुराम नाम पड़ा था।

### वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने हथियार दिखाकर फिरौती मांगने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण उर्फ कुनाल निवासी खकनार पाचौरी बुरहानपुर मध्य प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### बंद घर का ताला तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के कलावती विहार स्थित बंद घर में घुसकर चोर लाखों के आभूषण व डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। चोरों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता घर लौटी तो चोरी का पता लगा। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला को याद किया

**गोहाना।** मंगलवार को इनेलो पार्टी के स्थापना दिवस पर भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. ओमप्रकाश चौटाला को याद किया गया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चौटाला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इनेलो के प्रदेश सचिव प्रदेश सचिव जोगिंद्र मालिक ने कहा कि इनेलो पार्टी 36 बिरादरी के लोगों का संगठन है। ओपी चौटाला ने मुख्यमंत्रीत्व काल में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं का निर्माण किया।

## नगर पालिका के अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं, जताया रोष

# पांची जाटान रोड पर नाले ओवरफ्लो होने से सड़क पर भरा पानी, लोग दुःखी

### ओवरफ्लो नालों की जल्द से जल्द सफाई करवाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पांची जाटान रोड पर राठी नर्सिंग होम के समीप मुख्य सड़क पर गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले और ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़क पर व लोगों के मकानो के आगे भर गया है। गंदे पानी के जमाव के कारण आवागमन करने में वाहन चालकों को गंदे पानी के अंदर से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है वही लोग भी अपने घर के अंदर पानी के अंदर से निकाल कर जाने को मजबूर है। रानी की बात है की मुख्य सड़क पर जल भराव होने के बाद भी नगर पालिका के अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है जिससे लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व विधायक से गंदे पानी के ओवरफ्लो हो रहे नालों की सफाई करवाने की मांग की है। स्थानीयवासी नवीन, एडवोकेट प्रेम सिंह राठी, डॉक्टर वेद प्रकाश राठी, सुभाष राठी आदि ने बताया कि लाल की सफाई में होने के कारण गंदे पानी का जमाव सड़क पर हो जाता है। जिससे लोगों को पैदल आने-जाने में भी दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि अगर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी समय-समय पर नाले की सफाई करते रहे तो लोगों को परेशानी नहीं होगी । अगर इस समय बरसात हो जाती है तो सारा पानी रेलवे की जमीन में चला जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को मुख्य सड़क मार्ग होने के कारण गंदे पानी की निकासी का जब तक सीवर लाइन शुरू नहीं हो जाती स्थाई समाधान करवाना चाहिए।




गन्नौर। पांची जाटान रोड पर मकानो व मुख्य सड़क पर भरा नाले का गंदा पानी व मकान के आगे भरे गंदे पानी को लेकर रोष व्यक्त करते स्थानीय वासी ।

### कोई शिकायत नहीं मिली : सचिव

इस बारे में नगर पालिका के सचिव प्रदीप ने बताया कि इस बारे में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है और न ही नाला ओवरफ्लो होने का मामला उनके संज्ञान में आया है। अब पता लगा है तो नाले की सफाई करवा दी जाएगी।



सोनीपत। परशुराम जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय।

# खांसी की दवा- गुलाब जल भेंट किया : सुरेश

- भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर परशुराम चौक पर सर्वप्रथम हवन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर परशुराम चौक पर सर्वप्रथम हवन-यज्ञ किया गया। हवन- यज्ञ के उपरांत उपस्थित व्यक्तियों व राहगीरों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया। सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया की ओर से सभी जयंती में पधारे व्यक्तियों को दो-दो खांसी की दवा व गुलाब जल भेंट किया।कार्यक्रम में विधायक निखिल मतदान, विधायक पवन खरखौदा, चेयरमैन भारत शर्मा, त्रिभुवन कौशिक, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक, युवा तथा शिक्षाविद् उपस्थित हुए और सभी ने हवन-यज्ञ में आहुति डाली।हिंदी प्रवक्ता दिलबाग ने भगवान परशुराम की जयंती के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था की ओर से सदस्य सुनील छहतैरा, पहलवान हवा सिंह, पवन पालीवाल, लक्ष्मी नारायण योग शिक्षक, गणित विशेषज्ञ संजय कुमार, मास्टर सुरेंद्र कश्यप, रक्तदाता रविंद्र शर्मा, राजेंद्र कौशिक, शारीरिक शिक्षक हरिओम शर्मा, खुशीराम तथा अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर पाले राम को किया सम्मानित

**गोहाना।** रेलवे विभाग में गेटकीपर पालेराम कश्यप अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए। वे गांव मुंडलाना में रेलवे स्टेशन पर सेवारत थे। मंगलवार को सेवानिवृत्ति पर उनको सम्मानित किया गया। पालेराम कश्यप 15 जून 1889 को रेलवे विभाग में गोहाना में भर्ती हुए थे। उसके बाद पालेराम ने सांपला और मुंडलाना में अपनी सेवाएं दी। वे मंगलवार को 35 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। गोहाना में महमूदपुर रोड स्थित प्रेम नगर में उनके निवास पर आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा ने उनको सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। यातायात निरीक्षक अनूप कुमार, स्टेशन अधीक्षक पानीपत रमेश चंद्र, स्टेशन अधीक्षक मुंडलाना इंद्रपाल सिंह, हित निरीक्षक दिल्ली देवेंद्र गौतम, सीताराम कश्यप, संतरा देवी, नारायण देवी, सनी आदि मौजूद रहे।



गोहाना। पालेराम कश्यप को सम्मानित करते मोर्चा के प्रतिनिधि।



गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते सुनील वत्स और रमेश कश्यप।

### पाकिस्तान की टूटेगी कमर : वत्स

**गोहाना।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को कायराना और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा आतंकवादी घटना को लेकर उठाए गए ठोस कदमों से आतंकवाद के सरगना पाकिस्तान की कमर टूटना निश्चित है। सुनील वत्स ने कहा कि बेगुनाह और मासूम पर्यटकों को मारने वाले इन आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिस प्रकार लोगों का धर्म पूछ कर आतंकवादी घटना को बर्बरतापूर्वक अंजाम दिया है यह अमानवीय है। इस घटना से स्पष्ट है कि अलगाववादी ताकतें देश को कमजोर करने के जो मंसूबे पाल रही है उन मंसूबों को कभी भी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। इस घटना के बाद भाजपा की केंद्र सरकार ने पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर उनको देश छोडने के आदेश दिए हैं।

### इनेलो का स्थापना दिवस मनाया

**सोनीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का स्थापना दिवस मंगलवार को सोनीपत जिले के सभी हल्का गांव व जोन स्तर पर मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने घरों में गाड़ी व प्रतिष्ठा पर पार्टी का झंडा फहराया। सोनीपत में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला प्रधान कुणाल गहलावत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जननायक चौधरी देवीलाल के रास्तों पर चलते चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के सपनों का हरियाणा बनने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। गहलावत ने कहा जो पार्टी के कार्यकर्ता किसी कारण से दूसरी पार्टियों में चले गए हैं उन सब से संपर्क करके वापस उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। पिछड़ा वर्ग पर प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक राजवीर जोगी का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।



सोनीपत। स्थापना दिवस मनाते इनेलो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।



भगवान परशुराम को नमन करते परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**सोनीपत।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा अखंड श्री रामचरितमानस का पाठ आयोजित किया गया। इस मौके पर पहलगाम में आतंकवादियों के कृत्य की घोर निंदा की गई। इस दौरान हिंदू समाज को जागरूक करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष डॉ. मेधावी रंजन ने सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सभी से भगवान परशुराम व श्री राम के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कहा कि जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगांव में हाल ही में हुई घटना, जिसमें आतंकवादियों ने हिन्दू पर्यटकों से उनका धार्मिक नाम पूछकर उनकी निर्दय हत्या कर दी, पूरे राष्ट्र को स्तब्ध एवं आक्रोशित कर देने वाली है। यह न केवल एक आतंकवादी हमला है, अपितु यह भारत के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, पहचान और गरिमा पर सीधा आघात है।

**कार्यक्रम** ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में सीबीएसई द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

# आलोचनात्मक व रचनात्मक कौशल सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक

रचनात्मक सोच में हम नए और अनोखे विचार उत्पन्न करते हैं और समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में सीबीएसई द्वारा आयोजित आलोचनात्मक एवं रचनात्मक सोच विषय पर एक दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक विशेष सेमिनार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता (रिसोर्स पर्सन) रजनी महाजन एवं गीतांजलि ग्रोवर ने वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा और रीमा शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नीरज शर्मा ने भी कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के सेमिनार हमें समय के साथ आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करते हैं, नई राह नई सोच बनाने का अवसर प्रदान करते हैं अतः हमें ऐसे अवसरों का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। दोनों प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए और उन पर गहन चर्चा की गई कि आलोचनात्मक सोच और रचनात्मक सोच दो अलग-अलग प्रकार के विचार हैं। आलोचनात्मक सोच में, हम जानकारी का मूल्यांकन करते हैं, विश्लेषण करते हैं, और तार्किक रूप से सोचकर कोई निर्णय लेते हैं। रचनात्मक सोच में, हम नए और अनोखे विचार उत्पन्न करते हैं और समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं। इन दोनों ही विचारों पर कार्य करना आवश्यक है जिससे न केवल हम अपनी सोच में बदलाव ला सके बल्कि छात्रों का भी सर्वांगीण विकास कर सकें।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापकों ने लिया भाग

दोनों ही जटिल कौशल हमें नए विचारों को विकसित करने, और निर्णय लेने में मदद करते हैं। आलोचनात्मक सोच तथ्यों का विश्लेषण करने और निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने पर केंद्रित है, जबकि रचनात्मक सोच मूल और अपरंपरागत विचारों को उत्पन्न करने पर केंद्रित है। सेमिनार के अंतर्गत दोनों वक्ताओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई गई जिसमें सभी अध्यापकों ने भाग लिया।

# संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकी मिली महिला

- परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव करेवड़ी में संदिग्ध हालत में महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

मृतका के भाई ने बहन के ससुराल पक्ष के लोगों पर आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता जांच कर रही है।गांव भठगांव निवासी मोहित ने बताया कि उसकी बहन सोनिया (32) की शादी गांव करेवड़ी निवासी विक्रम के साथ की थी। शादी के बाद से उसकी बहन को प्रताड़ित करने का कार्य ससुराल पक्ष के लोग करते थे। उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन ने ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मोहाना थाना पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। जहां वारदात स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक सरसों लेकर निकला चालक वाहन सहित फरार

सोनीपत। मुरथल थाना क्षेत्र स्थित हैफेड गोदाम से हिसार की आदमपुर मंडी स्थित फैक्टरी के लिए 350 क्विंटल सरसों लेकर निकला चालक ट्रक सहित लापता हो गया। हिसार में आदमपुर मंडी स्थित श्रीकृष्णा इंडस्ट्रीज के अधिकारी रोहताश ने थाना मुरथल पुलिस को बताया कि उनकी फर्म को हैफेड मुरथल से दो गाड़ियों में सरसों मंगवानी थी। इन्होंने 24 अप्रैल को आदमपुर मंडी स्थित एमटीवी ट्रांसपोर्ट के मालिक रामनिवास के कार्यालय में संपर्क किया था। रोहताश ने बताया कि 26 अप्रैल को एक गाड़ी फर्म पर पहुंच गई, लेकिन राजस्थान नंबर की दूसरी गाड़ी न तो फर्म पर पहुंची और न ही इसके ड्राइवर व मालिक से मोबाइल पर संपर्क हो पा रहा है।

### घर के अंदर घुसकर मारपीट करने का आरोप

सोनीपत। गांव तिहाड़ कलां में गली में गाड़ी खड़ी करने का आरोप लगाकर घर के अंदर घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। गांव तिहाड़ कलां निवासी जयदीप ने बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था। उसने पशु चिकित्सक को बुलाया हुआ था। उसी दौरान हरपाल उर्फ पॉली ट्रैक्टर लेकर आया। जहां गली में गाड़ी खड़ी करने की बात कहकर उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर परिजनों को बुलाकर डंडों व लाठियों से हमला कर घायल कर दिया। परिजन उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में लेकर पहुंचे। जांच अधिकारी सुभाष चंद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### डंपर ने मारी टक्कर, तोड़ दिया खंभा

सोनीपत। गांव मुरथल में डंपर ने टक्कर मारकर स्ट्रीट लाइट का खंभा तोड़ दिया। खंभा सड़क के बीच गिरने से वाहनों का आवागमन बंद हो गया। गांव मुरथल-ताजपुर रोड पर पंचायती राज विभाग की ओर से स्ट्रीट लाइट व खंभे लगाए गए थे। मंगलवार दोपहर को गांव मुरथल में ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय के पास से गुजर रहा डंपर अचानक स्ट्रीट लाइट के तारों में उलझ गया। चालक डंपर सहित भाग गया। कार्यकारी अभियंता पंचायती राज विभाग कुलबीर फौगाट ने कहा कि दूसरा खंभा लगवाया जाएगा।

### गांव राजलू गढ़ी से भोगपुर सड़क मार्ग निर्माण में अनियमिता से परेशान लोग

# उठती धूल रोकने को पानी छिड़काव भी केवल खानापूर्ति, वाहन चालक परेशान

सड़क को चौड़ा करने के लिए पुरानी टाइल लगाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर



गन्नौर सड़क निर्माण में अनियमित बरतने पर भोगपुर सरपंच श्रवण के नेतृत्व में रोष व्यक्त करते हुए ग्रामीण । फोटो: हरिभूमि

राजलू गढ़ी गांव से भोगीपुर गांव तक सड़क को चौड़ा करने के लिए बनाई जा रही सड़क निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई है। लोगों ने विभाग से तुरंत संबंधित अधिकारी व ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है। भोगीपुर गांव के सरपंच सरवन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निर्माण में अनियमितता बरतने पर रोष जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने पुरानी टाइल ही लगा दी है जो कई वर्षों से इसी सड़क में गांव की आबादी के अंदर लगी हुई थी। पुरानी टाइल भी समतल नहीं बिछाई है, उनके ऊपर रेत भी डाल दिया है ताकि किसी को उनका लेवल दिखाई ही ना दे। ग्रामीणों ने जब पुरानी टाइल लगाने का विरोध किया तो विभाग द्वारा उसका काम भी बंद करवा दिया है,अब लोग 15 दिन से सड़क पर उड़ती धूल से परेशान है ।

ग्रामीणों की मांग पर ठेकेदार द्वारा गांव की आबादी के अंदर ही छिड़काव कर खाना पूर्ति कर ली जाती है। गांव से निकलने के बाद भोगीपुर गांव तक कोई छिड़काव नहीं किया जाता । जिस कारण वाहन चालक भी उड़ती धूल से परेशान रहते हैं । ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क का निर्माण कार्य जल्दी शुरू करवाया जाए और पुरानी व कंडम हो चुकी जो टाइल बिछा दी गई है उनको हटाया जाए । ग्रामीण रूपेश, अमित, त्रिलोकचंद, राजेश, विकास, महेंद्र, सतबीर वीरेंद्र आदि ने विधायक से मांग की है कि सड़क निर्माण की जांच कर पुरानी टाइल बिछाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए । उड़ती धूल के कारण पानी छिड़काव को लेकर जे ई धर्मेंद्र राठी का कहना कि जहां मकान है वहां छिड़काव होगा बाकी सड़क पर छिड़काव नहीं होता, धूल केवल गांव में उड़ती है ।

#### निर्माण जल्दी शुरू होगा और सारी कमियां दूर करवाएंगे

इस बारे में एसडीओ ने बताया कि पुरानी टाइल जहां लगाई है वहां पुरानी टाइल का ही टेंडर लगाया गया है, उसमें कोई गड़बड़ी नहीं की है। पुरानी टॉयल टेंडर में ही दिखाई गई है। जहां पुरानी टॉयल ठीक ढंग से नहीं बिछाई है, उन सभी को उखाड़ कर दोबारा से बिछाया जाएगा। पुरानी टाइल पर रेत अगर घटिया किस्म का डाला गया है उसको उठाकर फाइन साइन रेत डलवाया जाएगा। जल्द ही सड़क निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा और पानी छिड़काव भी पूरी सड़क पर करने के आदेश दिए हैं। काम बीच में छोड़ दिया है।



सीवर लाइन का निरीक्षण करते हुए मयेर राजीव जैन एवं अन्य।

### सीवर समस्या गंभीर, प्लांट से जोड़ी जाएगी लाइन

सोनीपत। मयूर विहार, शास्त्री कॉलोनी, प्रगति नगर, अशोक विहार समेत अनेकों कालोनियों में गंभीर हो चुकी सीवर की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही तिरंगा चौक तथा 23 सेक्टर डिस्पोज़ल की लाइन को महलाना रोड पर ककरोई स्थित सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाली लाइन से जोड़ा जायेगा, इसके लिए निर्माण विभाग ने रोड कट की मंजूरी प्रदान कर दी है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मयूर विहार की गली नंबर 22, 23, 24, 25 में गलियों में भरे सीवर के गंदे पानी की समस्या को देखने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले दस दिनों के भीतर इस कार्य को पूरा करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए गए हैं। कालोनीवासियों ने शिकायत की कि उनकी गलियों में सीवर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा डाले गए थे जोकि गलियों में घूम घूम कर मेन रोड तक जा रहे हैं और कई गलियों का सीवर कनेक्शन मेन रोड पर नहीं किया गया है, जिससे समस्या उत्पन्न होती रहती है। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मस्या से निजात दिलाएंगे। राजीव जैन ने कहा कि निगम कर्मचारी कॉलोनी का दौरा करके सीवर लाइन को चेक करेंगे और जिस जिस कॉलोनी का मेन रोड की सीवर लाइन से कनेक्शन नहीं हुआ है उनका कनेक्शन जल्द ही करवाया जायेगा। उन्होंने कॉलोनी वासियों से भी अपील की कि सीवर लाइन में मानव अपशिस्ट के अतिरिक्त गोबर या अन्य वस्तु डालने से बचें।



गोहाना। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व एसडीएम आशीष वशिष्ठ को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# 72 लोगों ने रक्तदान से भगवान परशुराम को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मंगलवार को वेलकम फाउंडेशन द्वारा गोहाना में 152वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर परशुराम चौक में आयोजित किया गया जिसमें 72 नागरिकों ने रक्तदान करके पुण्य कमाने के साथ भगवान परशुराम को नमन किया।

नेतृत्व केसी शर्मा ने किया जबकि संयोजन ज्ञानेंद्र रोहिल्ला का रहा। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता माई राम बड़ौली, इसराना के एसडीएम आशीष वशिष्ठ, नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज एवं गोहाना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना शर्मा रहे।

#### इनका विशेष योगदान

शिविर में जयकिशन शर्मा, अनीता जिंदल, सुनील शर्मा, महेंद्र भारद्वाज, अनूप कुंडू, तिलकराम शर्मा, बंसीराम गौड़, विपिन शर्मा, संजय शर्मा, आशीष मलिक, देवदत्त, रुपेश, गांधी, राजन, तेजपाल शर्मा, दीपांशु, रोहित, नितिन व दीपक सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया। इस आयोजन में बलराम कौशिक, कुलदीप कौशिक, जयवीर कौशिक, इंद्रजीत गोयल, आयुष नागवान, मनजीत भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा व रामपाल दहिया का विशेष सहयोग रहा।

#### भगवान परशुराम हम सब के प्रेरणास्रोत : डॉ. अरविंद

गोहाना। गोहाना में परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। यह समारोह सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ हवन में सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर श्रद्धांजलि दी। समारोह के मुख्य अतिथि आहुतियां सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से हमें साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य और विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता माइराम कौशिक, नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, डॉ. गजराज कौशिक, एसडीएम इसराना आशीष वशिष्ठ, सुभाष शर्मा, श्यामलाल वशिष्ठ, राजकुमार शर्मा, डॉ. कपूर नरवाल, बलराम कौशिक, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, शिवकुमार, भानुप्रकाश शर्मा, राजबीर शर्मा, भूपेंद्र मुदगिल, प्रवीण खुराना, रीना शर्मा, रामदिया, चांद वशिष्ठ, कुलदीप कौशिक, सुभाष भारद्वाज, जयकिशन शर्मा व जगबीर जैन आदि उपस्थित रहे। **आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भी इस दौरान याद किया गया। मृतकों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। लोगों ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले से पाकिस्तान का भारत विरोधी व मानवता विरोधी चेहरा उजागर हुआ है।

# फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने मचाया धमाल

■ जैन कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम

गन्नौर। जैन कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बीए व बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्राओं को प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा विदाई दी गई। आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए योग्यता के आधार पर बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को होनहार बेटी के सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्रधान आनंद जैन, डायरेक्टर भूषण भाटिया, प्रिंसिपल डॉ.मनोज व वाइस प्रिंसिपल शालिनी जैन ने सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आर्शिवाद दिया। प्रिंसिपल डॉ. मनोज ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको चुनौतियों का सामना करते हुए बुलन्दियों को छू कर महाविद्यालय का नाम रोशन करना हैं। कॉलेज डायरेक्टर भूषण भाटिया ने कहा कि कॉलेज की जो छात्रा यूपीएससी या अन्य किसी परीक्षा पास करती है तो उसको कॉलेज में बतौर मुख्यातिथि बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।



गन्नौर। संस्था प्रधान आनंद जैन,प्रिंसिपल डॉ मनोज छात्राओं को होनहार बेटी के खिताब से नवाजते हुए। फोटो : हरिभूमि

परशुराम जयंती पर हवन-भंडारा

# भगवान परशुराम ने मानव को सत्य का मार्ग दिखाया: विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

गढ़ी केसरी स्थित परशुराम मंदिर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। शुभारंभ हवन यज्ञ से हुआ। इसमें विधायक सहित श्रद्धालुओं ने आहुति दी। इसके बाद विधायक ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विधायक कादियान ने कहा कि भगवान परशुराम दया, क्षमा और करुणा के प्रतीक थे। उन्होंने मानव को सत्य का मार्ग दिखाया। वे केवल ब्राह्मणों के ही नहीं, सभी के पूजनीय हैं। आज भी उनके सिद्धांत पूरी तरह प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम में विधायक का स्वागत किया गया। आयोजकों ने उन्हें भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की। मौके पर भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में योगेश कौशिक, शिवराज, सुनील शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।



भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पर विधायक देवेंद्र कादियान साथ में योगेश कौशिक व अन्य।

### गाड़ी में रखी लाखों की राशि चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र में कंपनी मालिक की गाड़ी से लाखों की राशि चोरी करने की वारदात में शामिल कंपनी के गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पंकज निवासी पीलीभीत यूपी हाल में प्याऊ मनियारी का है। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गुजरांवाला टाउन पार्ट-1 मॉडल टाउन दिल्ली निवासी लेखराज ने गत 20 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी एक फैक्ट्री बवाना दिल्ली में स्थित है। जिसे गुरुदेवा धर्मकांटा के पास कुंडली में स्थानांतरित किया जा रहा है। फैक्ट्री की सुरक्षा के लिए पंकज दास को बतौर गार्ड रखा हुआ है। कंपनी से 20 अप्रैल को गार्ड गाड़ी में रखी आठ लाख 90 हजार रुपये की राशि बवाना में लेबर सैलरी देने के लिए अपने घर से वैगनार में अपनी कुंडली स्थित फैक्टरी में लाया था। कंपनी का गार्ड पंकज गाड़ी से नकदी चोरी करके ले गया। उप निरीक्षक राहुल की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की आठ लाख 35 हजार रुपये की राशि को बरामद किया है।

### चाकू से घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। शहर थाना सोनीपत पुलिस ने चाकू से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव निवासी गांव भंडेरी का है। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-23 निवासी तेशांत ने 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। वहां पर अनुराग व शक्ति, सिद्धू वहां पर खड़े हुए थे। उसके बाद एक लड़का गौरव व अंशुमन, सोहित आए। गौरव ने उनके साथ मिलकर शक्ति के भाई ईशु से मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके बाद सभी चले गए। रात करीब आठ बजे आरोपितों ने मिलकर गौरव पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं सौरव के हाथ पर बेल्ट, डंडे व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। राहगीरों ने दोनों को छुड़वाया। घायल को नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक रेफर कर दिया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक मनोज की टीम ने वारदात में शामिल चार को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल पांचवें आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सवा करोड़ के विकास कार्य की सौगात

गन्नौर। हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने मंगलवार को उद्देशीपुर और चिरस्मी गांव में सवा करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ नारियल फोड़कर उद्घाटन और शिलान्यास किया। गांव के लोगों और पंच-सरपंचों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विधायक ने पहले उद्देशीपुर गांव में करीब 80 लाख रुपए की लागत से बने बीसी चौपाल से बीपीएल प्लॉट बस्ती तक और वहां से श्मशान घाट तक बने रास्तों का उद्घाटन किया। इसके बाद चिरस्मी गांव में करीब 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पार्क के हॉल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कादियान ने कहा कि उद्देशीपुर में रास्तों की खस्ता हालत से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। अब लोगों को राहत मिलेगी। चिरस्मी में पार्क में हॉल निर्माण जल्द शुरू होगा। इस मौके पर चेयरमैन अनिल कुमार, उद्देशीपुर सरपंच आजाद सिंह, भानाराम, फुलकंवार, प्रदीप पंच, सेक्रेटरी नवीन बूरा, सेक्रेटरी रजनी, चिरस्मी सरपंच जसबीर, बिजेंद्र, लहणा, धर्मबीर नंबरदार, सोनू, दिलबाग, धर्मपाल नंबरदार, गोपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।



विधायक देवेंद्र कादियान उद्देशीपुर और चिरस्मी गांव में सवा करोड़ रकी लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए ।

### भाजपा पदाधिकारियो की कार्यकारिणी घोषित



राई। जखोली मंडल की भाजपा के नवनियुक्त पदाकारियों की नई कार्यकारणी की जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने घोषणा की। शेखर आंतिल ने बताया कि कार्यकारिणी की घोषणा उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली व विधायक कृष्णा गहलावत, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज से विचार विमर्श के बाद की है। वही नवनियुक्त कार्य करने को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, विधायक कृष्णा गहलावत ने बधाई देते हुए पार्टी में मेहनत लग्न से कार्य करने की अपील की । मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने बताया कि कार्यकारिणी में जखोली मंडल की नवनियुक्त कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर जितेंद्र सरपंच , पदम सिंह चौहान , उपाध्यक्ष के पद पर बलराम ,राजेश, प्रधान संदीप, पुष्पा देवी, सचिन के पद पर बबीता चौहान, अनीता जांगड़ा ,मुकेश रावत, कृष्ण हुड्डा, पिंकी कोषाध्यक्ष, प्रिंस छाबड़ा आईटी प्रमुख, प्रिंस, सोशल मीडिया प्रमुख हैप्पी रोहिल्ला को बनाया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### किराना दुकान में चोरी

सोनीपत। गांव मोहाना स्थित किराना दुकान से हजारों रुपये की राशि व चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। गांव मोहाना निवासी राजकुमार ने बताया कि उनकी गांव में करीब पचास साल से दुकान है। गत 27 अप्रैल को रात करीब दस बजे दुकान को बंद करके जाकर सो गया। सुबह करीब चार बजे नीचे आया तो दुकान का दरवाजा खुला हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो दुकान से 15 हजार रुपये की राशि व उसकी पत्नी के जेवरात चोरी हुए पाए गए। पुलिस ने मौके का मुआयना किया।

# परशुराम सत्य, धर्म, न्याय, संघर्ष और तप के प्रतीकः मदान

सोनीपत। विधायक निखिल मदान मंगलवार को शहर के रोहतक फ्लाईओवर के पास बने परशुराम चौक पर पहुंचे। उन्होंने वहां उपस्थित सभी को परशुराम के जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया के पर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक निखिल मदान ने इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक मदान ने कहा कि विष्णु के अवतार, धर्म और न्याय की स्थापना करने वाले, चिरंजीवी, भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज वो उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन तप, त्याग, तपस्या और वीरता का अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा सोनीपत द्वारा परशुराम चौक पर हवन यज्ञ भी किया गया और भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके ब्राह्मण सभा सोनीपत प्रधान अशोक शर्मा, सचिव राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र गौतम, राजेंद्र गौतम, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, भगवान सिंह वत्स, ईश्वर कौशिक, हवा सिंह, भारत शर्मा, मास्टर दिलबाग सिंह, सुरेश वत्स, रामकुमार शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप वत्स, शुभम वशिष्ठ आदि लोग मौजूद रहे।



सोनीपत। परशुराम को नमन करते हुए विधायक साथ में अन्य।

### पुलिस ने व्यापारियों के साथ की बैठक

सोनीपत। पुलिस उपायुक्त पश्चिम की अध्यक्षता में मंगलवार को व्यापारियों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों, ट्रैफिक अव्यवस्था, अतिक्रमण और नशे की समस्या के साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के विषय में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में डीसीपी कुशल पाल सिंह ने कहा कि सोनीपत शहर में कानून-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखना प्राथमिकता है, जिसमें पुलिस को आमजन और खासकर व्यापारी वर्ग का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहर में नशा, अतिक्रमण और अपराध के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है, लेकिन इसे सफल बनाने के लिए व्यापारी संगठनों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव ने बैठक में कश्मीर में हुए आतंकी हमले का हवाला देते हुए कहा कि देश संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, ऐसे में समाज को एकजुट रहकर किसी भी प्रकार की अफवाह, हेट स्पीच या धार्मिक उन्माद फैलाने वालों की पहचान कर पुलिस को सूचना देनी चाहिए। बैठक में व्यापार मंडल की ओर से चेयरमैन संजय वर्मा, प्रधान संजय सिंगला, पवन तनेजा, राम नारायण गोयल, सुशील स्याल, रविंद्र सरोहा, राकेश चोपड़ा, जवाहर लाल चांदना, जतिन डेम्बला, हरिओम जांगड़ा, नवीन गर्ग, सुरेश नासा आदि मौजूद रहे।

# हमारी छात्राएं विश्वविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर : प्रो. सुदेश

विदाई समारोह : संस्कृति को मिस फेयरवेल, शिवानी को मिस टैलेंटेड का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के विधि विभाग में मंगलवार को एलएमएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स एलएलएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की। समारोह में छात्रा संस्कृति को मिस फेयरवेल, शिवानी को मिस टैलेंटेड, अन्नू को मिस चार्मिंग और जवेरिया खान को मिस इनोसेंट के खिताब से नवाजा गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारी छात्राएं हमारी ब्रांड एम्बेसडर हैं। एलएलएम उत्तीर्ण करने के बाद छात्राएं देश की न्याय प्रणाली का हिस्सा बनने जा रही हैं। चाहें जज के रूप में, वकील के रूप या अन्य किसी भी कानूनी रूप में। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे हमेशा सच का साथ दें। किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ कभी भी अन्याय न होने दें। छात्राओं ने महिला विवि में शिक्षा के साथ जो संस्कार ग्रहण किए हैं उनको जीवन में आदर्श मान कर चलना। महिला विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूर कायम रखना। उन्होंने कहा कि वे बड़े से बड़े पद पर चले जाओ लेकिन जीवन में ईमानदारी व कत्व्ययनिष्ठा नहीं है तो उस जीवन का विशेष महत्व नहीं रहता। निर्णायक की भूमिका डॉ. जन्नत, डॉ. कविता व डॉ. रीना ने निभाई।



गोहाना। छात्राओं के साथ डॉ. सीमा दहिया व लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा।

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
ADMISSION OPEN for NTT
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग
B.Ed. & D.L.Ed.
NEAR CITY MALL, SONIPAT
Call : 9149112716, 7015755714